जवाहरलाल नेहरु कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग

प्रेषक :डॉ. शेखर सिंह बघेल
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी

क्रमांक 129
दिनांक 11.08.2023

जनेकृविवि की शैक्षणिक शोध एवं विस्तार की गतिविधिया आवश्यक सेवाओं के अधीन है– कुलपति डॉ. पी.के. मिश्रा

जनेकृविवि में पत्रकारवार्ता का आयोजन

केंद्रीय कर्मचारी संघ से हड़ताल शीध्र समाप्त करने हेतु आव्हान

जबलपुर 11 अगस्त 2023। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के केंद्रीय कर्मचारी संघ द्वारा विश्वविद्यालय प्रशासन को 17 सूत्री मांगों के निराकरण हेतु जारी हड़ताल के संबंध में आज विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा के अध्यक्षता में पत्रकार वार्ता का आयोजन इंडियन कॉफी हाउस अधारताल जबलपुर में किया गयाए इस दौरान केंद्रीय कर्मचारी संघ द्वारा मांगों से संबंधित पत्र के बिंदु बार जानकारी कुलपति डॉ. पी.के.मिश्रा द्वारा दी गई। इस दौरान कर्मचारियों द्वारा जारी हड़ताल एवं विश्वविद्यालय की उच्च स्तरीय समिति एवं कर्मचारी संघ के मध्य भोपाल स्तर पर एवं विश्वविद्यालय स्तर पर की जा रही सकारात्मक कार्रवाई से अवगत कराया एवं केंद्रीय कर्मचारियों से हड़ताल के बिंदुओं पर उचित समन्वय बनाने हेतु वार्ता की गई साथ ही कर्मचारी संघ द्वारा विभिन्न बिंदुओं पर सहमति के साथ अपना पक्ष रखा इस दौरान कुलपति डॉ. पी.के. मिश्रा ने बताया कि विश्वविद्यालय परिवार हम सब कर्मचारियों के साथ है किसी भी प्रकार से विश्वविद्यालय अपने परिवार के सदस्यों का नुकसान नहीं होने देना चाहता लेकिन प्रशासन स्तर पर एवं विश्वविद्यालय के नियमानुसार जो भी सहमति के साथ बेहतर होगा उस दिशा में आगे बढ़कर कार्य करने की बात कही विश्वविद्यालय के कुल सचिव श्री रेवा सिंह सिसोदिया ने केंद्रीय कर्मचारी संघ की मांगों के संबंध में विश्वविद्यालय द्वारा सिलसिलेवार जानकारी प्रेस वार्ता में प्रस्तुत की गई कर्मचारी संघ द्वारा चार प्रमुख मांगों पर वर्तमान स्थिति एवं विश्वविद्यालय एवं शासन स्तर पर किए गए प्रयास एवं कार्यो की विस्तार से जानकारी प्रदान की गई, साथ ही विश्वविद्यालय के लेखा नियंत्रक श्री डी. आर. महोबिया द्वारा विश्वविद्यालय के वित्त से संबंधित किए जा रहे सकारात्मक प्रयासों की जानकारी विस्तार से पत्रकार वार्ता में प्रस्तुत की।

केंद्रीय कर्मचारी संघ द्वारा जारी हड़ताल के विषय में आयोजित पत्रकार वार्ता में जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ॰ धीरेंद्र खरे, अधिष्ठाता उद्यानिकी संकाय डॉ. एस. के. पांडे, अधिष्ठाता कृषि अभियांत्रिकी संकाय डॉ. अतुल श्रीवास्तव, संचालक अनुसंधान सेवाएं डॉ. जी. के. कोतू, संचालक विस्तार सेवाएं डॉ. दिनकर शर्मा. संचालक प्रक्षेत्र डॉ. आर.एस. शुक्ला, मुख्य कार्यपालन यंत्री इजी. ए.के. राय, लेखा नियंत्रक डॉ. अजय खरे, आईएबीएम संचालक डॉ. मोनी थॉमस, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अमित शर्मा, डॉ. वाय. एम॰ शर्मा, सुरक्षा अधिकारी, इजी. शरद जैन, सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉ. शेखर सिंह बघेल एवं विश्वविद्यालय के समस्त विभागों के विभागाध्यक्ष आदि की उपस्थिति रही। पत्रकारवार्ता के इस संयोजन में श्री आलोक राजपूत, श्री बबलू यदुवंशी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।